**प्रसार भारती**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**<u>27.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे</u>**

**<u>प्रश्नकाल</u>**

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि जलशक्ति विभाग में पैरा फिटर, पैरा पंप आपरेटर, मल्टी पर्पज के पांच हजार पद मंजूर किए हैं। इनमें से 25 सौ पदों को भर दिया गया है और बाकी पदों को भरने की प्रक्रिया जारी है। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र के दौरान प्रश्नकाल में विधायक रीना कश्यप के सवाल के जवाब में उप मुख्यमंत्री ने ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार के समय में कुछ क्षेत्रों में 15–15 सौ पद भरे गए थे और इससे कई हलके ऐसे भी रहे, जहां कोई भर्ती नहीं हुई। इसे देखते हुए सरकार इस पूरी प्रक्रिया का युक्तिकरण कर रही है। उप–मुख्यमंत्री ने कहा कि जल शक्ति विभाग में गत तीन वर्षों में 20 फरवरी, 2025 तक 3 सौ 12 पैरा–फिटर, 7 सौ 69 पैरा–पंप ऑपरेटर, एक हजार 4 सौ 69 मल्टीपर्पज वर्कर्ज को विभाग की पॉलिसी के अनुसार रखा जाना सुनिश्चित किया गया है जबकि जल रक्षक का कोई पद स्वीकृत नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि पैरा वर्कर्ज व जल रक्षकों को सरकार द्वारा निर्धारित पॉलिसी के तहत निर्धारित मानदेय के आधार पर रखा जाता है और पैरा वर्कर्ज तथा जल रक्षकों पर कोई सेवा नियम लागू नहीं होते हैं।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी श्रेणी के कर्मचारियों का मानदेय लंबित नहीं है हालांकि कुछ भर्तियां ठेकेदारों के माध्यम से हुई हैं वहां पर मानदेय जारी होने में देरी का मामला हो सकता है। विधायक संजय रतन के मूल व आशीष बुटेल के अनुपूरक सवाल के जवाब में शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में बीपीएल चयन के लिए आय सीमा बढ़ाने का मामला केंद्र से उठाया जाएगा। शहरी विकास मंत्री ने कहा कि इस मामले को लेकर केंद्र से आग्रह किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहरी विकास विभाग में छह केंद्रीय और दो राज्य प्रायोजित स्कीमें चल रही हैं।

-----------------------------------------

**<u>मौसम</u>**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है और पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश से लोगों को कुछ राहत मिली है। हालांकि पिछले दिनों में हुई लगातार बारिश से प्रभावित सामान्य जनजीवन को पटरी पर लाने के प्रयास जारी हैं। चंबा जिले में भारी बारिश से हालात खराब हैं यहां 5 व्यक्तियों की मृत्यु का समाचार है। हमारे चम्बा जिला संवाददाता विकास ठाकुर ने बताया कि भू–स्खलन की चपेट में आने से एक मणिमहेश यात्री, बसोतन पंचायत के दो और मेहला ब्लॉक के दो लोगों मृत्यु हो गई है जबकि 7 व्यक्तियों के घायल होने की सूचना है। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि मणिमहेश यात्रा में अभी भी सैकड़ों लोग फंसे हुए हैं उन्हें हेली टैक्सी के माध्यम से रेस्क्यू किया जा रहा है। चंबा में सड़क व संचार सेवाएं पूरी तरह बाधित हैं जिन्हें बहाल करने के प्रयास जारी हैं। कुल्लू जिले में ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों और पुलों को भी भारी

नुकसान पहुंचा है। उपायुक्त कुल्लू तोरूल एस.रवीश ने जिले के सभी पैट्रोल पम्पों को आपातकालीन सेवाओं के लिए आगामी आदेशों तक न्यूनतम रिजर्व स्टॉक बनाए रखना अनिवार्य कर दिया है। कांगड़ा जिले में भी लगातार बारिश के कारण पौंग बांध की जलस्तर में वृद्धि हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला ने आगामी एक सितंबर तक राज्य में कुछ स्थानों में भारी बारिश की चेतावनी दी है।

..............................................

## गणेश चतुर्थी

देशभर में आज गणेश चतुर्थी का त्यौहार श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह दिन ज्ञान, समृद्धि और सौभाग्य के प्रतीक भगवान गणेश के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। लोग अपने घर में मिट्टी से बनी भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित करते हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में लोगों से पर्यावरण संरक्षण के साथ इस त्यौहार को मनाने और एक स्वच्छ हरित और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण में योगदान देने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कामना की कि ये पवित्र अवसर सभी के जीवन को श्रद्धा और आस्था से भरेगा और शुभ संदेश लेकर आएगा।

..............................................

## गेहूं भंडार

केन्द्र सरकार ने समग्र खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और जमाखोरी रोकने के लिए गेहूं पर भंडार सीमा लागू कर दी है। यह सीमा सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के व्यापारियों, थोक विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं पर लागू होगी। व्यापारियों और थोक विक्रेताओं के लिए भंडार सीमा तीन हज़ार मीट्रिक टन से घटाकर दो हज़ार मीट्रिक टन कर दी गई है। इसी प्रकार, खुदरा विक्रेताओं के लिए भंडार सीमा आठ मीट्रिक टन की गई है।

..............................................